तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 28 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 लक्ष्य, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही...



14 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज का शपथ ग्रहण एवं कोर कमेटी की बैठक आज

**बेमेतरा।** सर्व ब्राह्मण समाज के संगठन विस्तार एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर रविवार 28 जून को दोपहर 12 बजे पुराना रेस्ट हाउस, बेमेतरा में भव्य शपथ ग्रहण समारोह एवं कोर कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी करेंगे। समारोह में प्रदेश, संभाग एवं जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी तथा उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों का परिचय सत्र भी आयोजित होगा, जिसमें समाज की भावी गतिविधियों एवं संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से साजा, बेरला और बेमेतरा ब्लॉक के लिए प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। उन्हें एक माह के भीतर संबंधित ब्लॉकों में कार्यकारिणी गठित करने का लक्ष्य सौंपा जाएगा। इसके अलावा चारों विधानसभा क्षेत्रों एवं सभी ब्लॉकों में अध्यक्ष, कार्यकारिणी तथा महिला, युवा, किसान और पुरोहित मंच के गठन की रूपरेखा भी तय की जाएगी। कार्यक्रम में बेमेतरा जिला कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष की नियुक्ति, समाज के भवन निर्माण के लिए भूमि चयन हेतु 10 सदस्यीय समिति का गठन तथा समाज की जनगणना के लिए परिक्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी निर्णय लिए जाएंगे। जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी के सदस्यों से इस महत्वपूर्ण बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है।

### रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर और तकरीर कल

**भिलाई।** गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से करबला के शहीदों की याद में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 जून सोमवार को सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में किया जा रहा है। सोसाइटी की प्रमुख अंजुम अली ने बताया कि सुबह 11 बजे से 5 बजे तक रक्तदान, दंत परीक्षण, नेत्र परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन शिविर में होगा। इसके साथ ही यहां आयुष्मान कार्ड पंजीयन की सुविधा भी दी जा रही है। इसके बाद यहां शाम 5 बजे से आलिमा गुल निशा की तकरीर (बयान) का आयोजन किया गया है, जिसमें करबला के शहीदों के वाकयात बयान किए जाएंगे। मगरिब की नमाज के बाद फातिहा ख्वानी होगी। अंजुम अली ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से पहुंच कर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने और अन्य आयोजनों में भागीदारी की अपील की है।

## हिमालयन ट्रैकिंग में बेमेतरा के स्काउटर्स का शानदार प्रदर्शन, बेस्ट ट्रैकर सम्मान से नवाजा

### साहसिक गतिविधियों, प्राकृतिक अध्ययन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यों में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में 16 से 23 जून तक रायवाला, ऋषिकेश (उत्तराखंड) में आयोजित हिमालयन ट्रैकिंग कैम्प में जिला बेमेतरा के स्काउटर अनुज राम साहू एवं उद्धव कुमार साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट ट्रैकर पदक एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया।

कैम्प में देश के विभिन्न राज्यों से आए 75 स्काउटर-गाइडरों ने कंटिनजेंट लीडर अमन सिंह ठाकुर एवं सहायक लीडर कमल जोशी के नेतृत्व में भाग लिया। प्रतिभागियों ने कठिन पर्वतीय मार्गों, गहरी घाटियों और हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग करते हुए साहसिक गतिविधियों, प्राकृतिक अध्ययन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यों में हिस्सा लिया।

ट्रैकिंग के दौरान दल ने केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम, देवप्रयाग, कर्णप्रयाग तथा भारत के प्रथम गांव माणा सहित कई ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामरिक महत्व के स्थलों का भ्रमण किया। प्रतिभागियों ने स्थानीय संस्कृति, जैव विविधता और हिमालयी जीवनशैली का भी अध्ययन किया। समापन समारोह में अनुज राम साहू एवं उद्धव कुमार साहू को ट्रैकिंग कैम्प में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सेवा भावना के लिए बेस्ट ट्रैकर मेडल और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।



### उपलब्धि पर अधिकारियों ने दी बधाई

इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक संचालक एस.पी. कोशले, डीएमसी नकुल पनागर, एपीसी खेमराज साहू, बीईओ कामिनी महिलांग, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, डीटीसी महेश साहू, जिला सचिव अमित क्षत्रिय, डीओसी फनेन्द्र लोधी सहित स्काउट-गाइड परिवार एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दोनों स्काउटर्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### पुरानी रंजिश में वारदात, पुलिस ने फोरेंसिक जांच शुरू की

## भदराली में धारदार हथियार से हत्या, सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची 112 टीम ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट/बेमेतरा

जिले के भदराली गांव में शनिवार को एक सनसनीखेज हत्या की घटना सामने आई। प्रारंभिक सूचना सड़क दुर्घटना की मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन वहां मामला हत्या का निकला। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल से भाग रहे आरोपी को तत्काल पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार जिला कंट्रोल रूम 112 को भदराली में सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नांदघाट की 112 टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि भदराली निवासी कन्हैया बंजारे 50 वर्ष की गांव के ही बउवा चर्तुवेदी 60 वर्ष ने तब्बल धारदार फरसा से हमला कर हत्या कर दी है।

घटनास्थल पर पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन डायल-112 में तैनात आरक्षक संजय साहू और चालक सुमन साहू ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे पकड़ लिया । पुलिस के अनुसार घटना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसकी सूचना स्वयं आरोपी के पुत्र ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी थी। प्रारंभिक जानकारी में मृतक और आरोपी के बीच किसी पुरानी रंजिश या विवाद की बात सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि दोनों पेड़ की छांव में बैठकर बातचीत कर रहे थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।



फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के कारणों और अन्य पहलुओं की विस्तृत जांच चंदनु पुलिस द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले का खुलासा होगा।

### आपराधिक घटनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा फोरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना के हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी बऊआ चतुर्वेदी को वारदात में प्रयुक्त धारदार हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है, हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने और सभी तथ्यों के सामने आने के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाएगा। इस जघन्य हत्याकांड ने जिले की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है तथा वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटने वाले दो गिरफ्तार, एक आरोपी फरार



**बेमेतरा/नांदघाट।** थाना नांदघाट पुलिस ने मारपीट कर युवक से मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, सिम कार्ड तथा वारदात में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी बरामद कर ली है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार ग्राम खपरी निवासी 21 वर्षीय चेतन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह नांदघाट बस स्टैंड स्थित निषाद होटल में काम करता है। 25 जून की सुबह करीब 4 बजे वह होटल में आलू छीलने जा रहा था। इसी दौरान होटल के पास मौजूद एक छोटे कुत्ते को भगा रहा था, तभी विजय घृतलहरे अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा। कुत्ते को भगाने की बात पर विवाद करते हुए तीनों ने अश्लील गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और बेल्ट व हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित की जेब में रखे एक हजार रुपये और हाथ में मौजूद करीब 7,500 रुपये कीमत का पोको मोबाइल लूट लिया। हमले में युवक के मुंह, माथे और पीठ पर चोटें आईं। मामले में थाना नांदघाट में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी मुकेश नायक उर्फ मंजु नायक (25) निवासी ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त

### असहनीय गर्मी-उमस से बेहाल लोग, बारिश का इंतजार; किसानों की बढ़ी चिंता

## असहनीय गर्मी-उमस से बेहाल लोग बारिश का इंतजार, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र में पिछले दो दिनों से भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। आषाढ़ माह की शुरुआत होने के बावजूद मानसून की धीमी रफ्तार से आमजन के साथ-साथ किसान भी चिंतित हैं। हालांकि अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 8 डिग्री सेल्सियस कम होकर 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, लेकिन उमस के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिनों में मेघगर्जन, वज्रपात तथा हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 27 जून से प्रदेशभर में वर्षा की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है तथा अगले तीन से चार दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की तैयारियों पर असर पड़ने लगा है। किसानों का कहना है कि धान की बोनी प्रभावित हो रही है। रोपा लगाने के लिए तैयार धान की नर्सरी (थरहा) के साथ ही टमाटर, गोभी और बैंगन जैसी उद्यानिकी फसलों की पौध खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। मौसम विभाग की सामान्य से कम बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है।



स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी कर कम अवधि वाली धान की किस्मों की बोनी, जल संरक्षण तथा कतार पद्धति से बुवाई करने की सलाह दी है। थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र में इस वर्ष लगभग 24 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि में धान की खेती की तैयारी पूरी कर ली गई है और किसान अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। गर्मी और उमस का असर आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बाजारों की रौनक कम हो गई है तथा स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अस्पतालों में पेट संबंधी रोग, सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती-किसानी के साथ-साथ सामान्य जनजीवन पर भी गंभीर असर पड़ सकता है।

## मनरेगा से बनी आजीविका डबरी की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड बेरला की ग्राम पंचायत भटगांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत निर्मित आजीविका डबरी की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने निर्माण कार्य में अनियमितता, लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। भास्कर चौबे ने बताया कि ग्राम पंचायत भटगांव में हितग्राही टीकाराम एवं सियाराम साहू के खेत में कंस्ट्रक्शन ऑफ फार्म पोंड फॉर इंडिविजुअल योजना के तहत आजीविका डबरी का निर्माण कराया गया है। उनका कहना है कि निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पर कार्य की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्धारित मानकों की अनदेखी कर प्रशासकीय स्वीकृति राशि का दुरुपयोग किया गया है।

■ 988 मानव दिवस खर्च होने के बाद भी गुणवत्ताहीन निर्माण का दावा

उन्होंने दावा किया कि निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता के पत्थरों का उपयोग किया गया है, जो हल्के दबाव में ही टूटकर बिखर जाते हैं।





आरोप है कि पत्थरों को व्यवस्थित ढंग से नहीं जमाया गया, बल्कि केवल ढांचा खड़ा करने के उद्देश्य से इधर-उधर रख दिया गया है। कई स्थानों पर नीचे की मिट्टी और खुली जमीन दिखाई दे रही है। साथ ही यह भी आशंका जताई गई है कि डबरी की खुदाई से निकले पत्थरों का ही निर्माण सामग्री के रूप में उपयोग कर लिया गया।

### सूचना पटल में दर्ज है यह विवरण

*निर्माण स्थल पर लगे नागरिक सूचना पटल के अनुसार कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 2026/5459 दिनांक 13 जनवरी 2026 को जारी की गई थी। कार्य की कुल स्वीकृत राशि 3 लाख रुपये है, जिसमें 2.50 लाख रुपये मजदूरी तथा 41 हजार रुपये सामग्री मद के लिए निर्धारित किए गए हैं। कार्य 9 फरवरी 2026 को प्रारंभ होकर 30 मार्च 2026 को पूर्ण होना दर्शाया गया है। सूचना पटल के अनुसार इस कार्य में कुल 988 मानव दिवस सृजित किए गए तथा मजदूरी दर 261 रुपये प्रतिदिन निर्धारित थी। कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत भटगांव (सरपंच) है। भास्कर चौबे ने कहा कि तीन लाख रुपये की लागत और 988 मानव दिवस खर्च होने के बावजूद निर्माण की वर्तमान स्थिति गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मनरेगा कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।*

### 96,085 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक, 801 बूथों पर होगी व्यवस्था

## आज से जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आज 28 जून से होगा। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले के 96 हजार 85 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के पहले दिन सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी,जबकि अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को जिला चिकित्सालय बेमेतरा से आईईसी सामग्री एवं ध्वनि प्रचार से सुसज्जित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार निराला तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. कोसरिया ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को पल्स पोलियो अभियान की जानकारी देगा तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए प्रेरित करेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है, जिसमें विभिन्न विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है।



### कलेक्टर ने की अभिभावकों से अपील

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को 28 जून, रविवार को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर जाएं और दो बूंद जिंदगी की पिलाएं। उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने और इस बीमारी की दोबारा वापसी रोकने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इसमें समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

### पहले दिन बूथों पर, फिर घर-घर पहुंचेगी टीम

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि 28 जून (रविवार) को जिले के सभी 801 पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को चिन्हित करेंगी, जो पहले दिन किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। इस तरह जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### चारों विकासखंडों के लिए तय किया गया लक्ष्य

अभियान के तहत विकासखंडवार बच्चों की संख्या भी निर्धारित की गई है। बेमेतरा विकासखंड में 26,776, साजा में 22,074, नवागढ़ में 25,009 तथा बेरला विकासखंड में 22,230 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। कुल मिलाकर जिले में 96,085 बच्चों को दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के दौरान ऐसे बच्चों को भी कवर करने की विशेष व्यवस्था की है, जो सामान्य रूप से छूटने की संभावना रखते हैं। इसके लिए जिले के 14 ट्रांजिट स्थलों पर 44 सदस्यीय ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है, जो ईंट-भट्ठों, घुमंतू परिवारों, मलीन बस्तियों तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। इसके अलावा 6 मोबाइल टीमें लगातार विभिन्न ट्रांजिट स्थलों का भ्रमण कर अभियान की निगरानी करेंगी।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण क्षेत्रों के नेटवर्क में सुधार का किया अनुरोध

**दुर्ग।** नई दिल्ली केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रभारी ज्योतिरादित्य सिंधिया से स्थानीय नेता मनीष भंडारी ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान सिंधिया को दुर्ग आने आमंत्रित किया। साथ ही छत्तीसगढ़ में फोर-जी और फाइव-जी नेटवर्क का दुरस्त गांवों तक विस्तार करने और डाक विभाग की सेवाओं को बढ़ावा देने का अनुरोध भी किया। केंद्रीय मंत्री ने इस विषय को गंभीरता से सुनते हुए सार्थक प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।

### टैक्स जमा करने वाले करदाताओं का पौधा भेंट कर किया सम्मान



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग ने करदाताओं के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ते हुए एक अभिनव पहल की। निगम प्रशासन के टैक्स काउंटरों में संपत्तिकर एवं अन्य कर जमा करने पहुंचे जागरूक करदाताओं का पौधा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। निगम की इस अनूठी पहल को करदाताओं ने सराहा और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रयास बताया। निगम परिसर स्थित टैक्स काउंटर में बड़ी संख्या में करदाता अपना टैक्स जमा करने पहुंचे। इस दौरान निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रत्येक करदाता को पौधा भेंट कर उनके समय पर कर भुगतान करने के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की सराहना की। निगम का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित करना है, ताकि करदाता अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण कर शहर को अधिक हरा-भरा और स्वच्छ बना सकें।

# दो महीने बंद रहेगा रायपुर नाका अंडर पास, वाईशेप ब्रिज से होगी आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर नाका अंडर ब्रिज आगामी 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मेंटेनेंस के लिए बंद रहेगा। बता दें कि निर्माण के बाद से से मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति हुई है। अंडर ब्रिज की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा रात के समय पर्याप्त बिजली व्यवस्था भी नहीं होती। इसके कारण लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी हो रही थी, जिसके देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। वर्ष 2022-23 में करीब 7.2 करोड़ की लागत से बने रायपुर नाका अंडरब्रिज और करीब 14 करोड़ की लागत से बने भिलाई-3 सिरसा गेट अंडर ब्रिज में लगातार पानी रिस रहा है।

लोगों के आने जाने के लिए इसके सरफेश एरिया में लगाया गया कांक्रीट और इसके ऊपर बिछाई गई कोलतार की परत बुरी तरह उखड़ गई है। भरी बरसात मे दोनों अंडरब्रिजों को मरम्मत के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक यानी 62 दिन तक बंद रखने का फैसला किया गया है। 26 जून को रायपुर नाका को मेंटेनेंस के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। इससे ठीक दो दिन पहले यानी 24 जून को सिरसागेट रेलवे अंडरब्रिज को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इस तरह इन दोनों अंडब्रिजों में लोगों के आने जाने का सिलसिला 1 सितंबर से ही शुरू होने की संभावना है। अफसरों का अनुमान है कि दोनों अंडरब्रिजों के मेंटेनेंस में करोड़ों रुपए खर्च होंगे। इस बार सरफेश और ड्रेनेज को पूरी तरह ठीक किया जाएगा, ताकि जल्दी-जल्दी मेंटेनेंस न करना पड़े।

## रेलवे ने मेंटनेंस के लिए लिया 31 अगस्त तक शटडाउन

### ब्रिज से हर दिन हजारों वाहनों की आवाजाही

बता दें कि दोनों अंडरब्रिज से हर दिन हजारों वाहनों की आवाजाही होती है। रायपुर नाका कैलाश नगर, पुराना रायपुर नाका क्षेत्र, शक्ति नगर, जवाहर नगर, सिंधिया नगर, तितुरडीह, कातुलबोड़, हनुमान नगर, आशा नगर, तितुरडीह समेत अन्य क्षेत्र आते हैं। वहीं सिरसागेट अंडरब्रिज के आसपास उमदा, जरवाय, भिलाई-3, चरोदा, सोमनी, गनियारी, मोरिद, पचपेड़ी, सिरसाकला समेत करीब 80 गांव आते हैं। यह अंडरब्रिज पाटन और अमलेश्वर जाने का मुख्यमार्ग है। साथ ही नेशनल हाइवे में काम हो तो इसका वैकल्पिक मार्ग के रूप में रायपुर जाने के लिए उपयोग किया जाता है। रेलवे पीपी यार्ड, लोको शेड, बीएसपी, एनएसपीसीएल तथा अन्य औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिक गुजरते हैं। सिरसागेट के बंद होने से लोगों को जी-केबिन चरोदा होकर और रायपुर नाका के बंद होने से लोगों को धमधा नाका और वाईशेप ब्रिज का उपयोग करना होगा।




### दो साल में दूसरी और तीसरी बार मरम्मत

सिरसागेट अंडरब्रिज का इससे पहले फरवरी 2024 में, फिर फिर दिसंबर 2024 में मरम्मत किया गया। इसके बाद सितंबर 2025 में करीब एक सप्ताह के लिए बंद रखकर इसका मेंटेनेंस किया गया। अब आठ माह बाद फिर इसकी स्थित काफी खराब हो गई है, कि फिर दो महीने बंद रखकर मरम्मत करना पड़ रहा है। इससे निर्माण गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। इसी तरह रायपुर नाका का इससे पहले एक बार मेंटेनेंस किया जा चुका है। अब दूसरी बार इसकी मरम्मत के लिए बंद रखा जाएगा।

## दुर्ग जिले के ग्रामीण इलाकों को बनाया जा रहा अवैध व्यापार का नया ठिकाना

# गांवों में फैल रहा अवैध गुटखा और नकली पनीर का कारोबार, कार्रवाई का असर नहीं

सुवांकर रॉय ⏭ भिलाई

जानकारों के मुताबिक शहरों में प्रशासनिक निगरानी और लोगों की सतर्कता बढ़ने के बाद अवैध कारोबारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों को अपना नया ठिकाना बना लिया है। गांवों में बड़े मकान, खाली गोदाम और खेतों के बीच स्थित परिसर ऐसे कारोबार के लिए सुरक्षित माने जा रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर अवैध कारोबारी गुपचुप तरीके से अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। दुर्ग जिले में बीते एक वर्ष के दौरान कई अवैध गुटखा फैक्ट्रियों का खुलासा हुआ है। पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री, मशीनें और तैयार उत्पाद जब्त किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि इन कारखानों के संचालन के लिए दूसरे राज्यों से श्रमिकों और तकनीकी कर्मचारियों को बुलाया जाता है, ताकि स्थानीय स्तर पर किसी को गतिविधियों की जानकारी न मिल सके।

इसी तरह नकली और घटिया गुणवत्ता वाले पनीर निर्माण का कारोबार भी चिंता का विषय बना हुआ है। कई मामलों में स्वास्थ्य मानकों की अनदेखी कर पनीर तैयार किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। ऐसे उत्पाद होटल, ढाबों और बाजारों तक पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी तंत्र अपेक्षाकृत कमजोर होने और स्थानीय लोगों के रोजगार की जरूरतों का फायदा उठाकर अवैध कारोबारी अपना नेटवर्क खड़ा कर रहे हैं। यही कारण है कि एक फैक्ट्री पर कार्रवाई होने के कुछ समय बाद दूसरी जगह नया कारखाना शुरू हो जाता है। हालांकि पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन बार-बार सामने आ रहे मामलों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इन अवैध कारोबारों को संरक्षण कौन दे रहा है और कार्रवाई के बाद भी इनके नेटवर्क कैसे सक्रिय हो जाते हैं।

## दूसरे राज्यों से मजदूर बुलाकर चला रहे अवैध कारखाने

**दुर्ग जिले में अवैध कारोबारियों की नजर अब शहरों से निकलकर ग्रामीण क्षेत्रों पर टिक गई है। पिछले कुछ वर्षों में गांवों और कस्बों में अवैध गुटखा निर्माण इकाइयों, नकली पनीर फैक्ट्रियों और अन्य गैरकानूनी कारोबारों के मामले तेजी से सामने आए हैं। स्थिति यह है कि लगातार कार्रवाई और गिरफ्तारी के बावजूद ऐसे कारोबारियों में कानून का कोई भय दिखाई नहीं दे रहा है।**

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी



### केस 1 कुथरेल और अंडा में 12 पकड़ाए

11 जून 2026 को बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने दो अवैध गुटखा निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ किया। ग्राम कुथरेल और अंडा क्षेत्र में संचालित इन अवैध इकाइयों पर छापेमार कार्रवाई कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि जिस जमीन और गोदाम में यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा था, वह असलम खान का है। गोदाम को एग्रीमेंट के माध्यम से वीरेंद्र तिवारी को दिया गया था। आरोप है कि इसी परिसर में बड़े पैमाने पर सितार नाम से जर्दायुक्त गुटखा तैयार कर बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में कच्चा माल, रासायनिक पदार्थ, गुटखा बनाने की मशीनें, पैकेजिंग सामग्री, तैयार गुटखा और अर्द्धनिर्मित उत्पाद बरामद किए गए।

### केस 2 कोनारी में डेढ़ करोड़ का भंडाफोड़

7 जून 2025 को ग्राम कोनारी स्थित एक फैक्ट्री में छापा मारकर डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का माल जब्त किया था। ग्राम कोनारी में संचालित कोमल फूड प्रोडक्ट नामक फैक्ट्री में बिना वैध लाइसेंस के गुटखा निर्माण का काम किया जा रहा था। शिकायत और जांच के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने फैक्ट्री परिसर में छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में गुटखा निर्माण में उपयोग की जाने वाली कच्ची सुपारी मिली। जांच में 1050 बोरी खड़ी सुपारी, जिसका कुल वजन 52 हजार 500 किलोग्राम था, जब्त की गई। इसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 20 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई। इसके अलावा 247 बोरी कटी हुई कच्ची सुपारी, जिसका कुल वजन 12 हजार 350 किलोग्राम था, भी बरामद की गई। इसकी कीमत लगभग 33 लाख 34 हजार 500 रुपये बताई गई। इस तरह कार्रवाई के दौरान कुल 1 करोड़ 54 लाख 9 हजार 500 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई।

### केस 3 कचांदुर में भी पड़ चुका छापा, आरोपी फरार

23 जून 2026 को जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के कचांदुर में अवैध रूप से संचालित गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में तैयार गुटखा, कच्चा माल और उत्पादन में उपयोग की जा रही तीन मशीनें जब्त कर गोदाम को सील कर दिया है। गोदाम मालिक मो. मुस्तफा ने उत्तर प्रदेश निवासी शानु खान पिता शफीक खान को गोदाम किराए पर दिया था। जांच के दौरान गोदाम के भीतर अवैध गुटखा निर्माण का पूरा सेटअप मिला। टीम ने 1600 किलो तैयार गुटखा, 1600 किलो मिक्स सुपारी, एक कत्था पीसने की मशीन, एक इलायची पीसने की मशीन तथा एक गुटखा मिक्सिंग मशीन जब्त की। कार्रवाई के बाद पूरे गोदाम को सील कर दिया गया। फरार शानु खान की तलाश जारी है।

# धान के कटोरे में खाद का अकाल, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- आप ने शासन-प्रशासन पर लगाया गंभीर आरोप

आम आदमी पार्टी ने कृषि विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा जिले के उर्वरक एवं बीज विक्रय केंद्रों में की गई जांच में सामने आई गंभीर अनियमितताओं को भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया है। आप के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि खरीफ सीजन किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है, लेकिन ऐसे समय में भी किसानों को अमानक खाद, अधिक कीमत पर उर्वरक और बिना अनुमति के कृषि उत्पाद बेचे जा रहे हैं, जिसका सीधा असर उनकी फसल, आय और भविष्य पर पड़ रहा है। जिले के 135 उर्वरक एवं बीज विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में सामने आया कि 5 केंद्रों के उर्वरक नमूने अमानक पाए गए, 7 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, सेलूद, रानीतराई और धमधा से बिना लाइसेंस बायो-स्टिम्यूलेंट जब्त किए गए, बोरी एवं पाटन में निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री पकड़ी गई। जिले में उर्वरक की भारी कमी बनी हुई है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा कि कृषि विभाग ने स्वयं स्वीकार किया है कि जिले में उर्वरक की कमी बनी हुई है। हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि यदि डीएपी की कमी पहले से पता थी, तो केंद्र से अतिरिक्त आवंटन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने समय रहते क्या प्रयास हुआ। बोरी, पाटन और अन्य क्षेत्रों में निर्धारित खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर खाद की कालाबाजारी पकड़ी जाना साबित करता है कि खाद संकट के इस दौर में किसानों को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है। आप नेता देविंदर सिंह भाटिया ने आम आदमी पार्टी पंजाब सरकार से सीखने की सलाह देते हुए कहा कि क्या इसी नारकीय जीवन को जीने के लिए छग के किसान ने भाजपा को चुनकर सत्ता सौंपी थी। आज छत्तीसगढ़ का किसान खाद और बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। किसान प्रकोष्ठ के रूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि अमानक खाद और नकली उर्वरकों की सप्लाई से छत्तीसगढ़ का किसान पूरी तरह बर्बाद हो रहा है। अमानक उर्वरकों के कारण केवल एक सीजन की फसल प्रभावित नहीं होती, बल्कि खेत की मिट्टी की उर्वरता हमेशा के लिए घट जाती है, जिससे आने वाले कई वर्षों का उत्पादन प्रभावित होता है। हमारी मांग है कि जिन प्रभावित किसानों को नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार तत्काल उचित मुआवजा राशि प्रदान करे।

# मंत्री गजेन्द्र यादव ने सुनी समस्याएं लोगों को निराकरण का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग के गंजपारा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कैबिनेट मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने शुक्रवार को गंजपारा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में जनदर्शन में नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट कर उनकी समस्याओं, मांगों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुने। जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

इसी उद्देश्य से नियमित जनदर्शन के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना भी जनप्रतिनिधि की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी भावना के अनुरूप वे नियमित रूप से जनदर्शन आयोजित कर लोगों से सीधे संवाद करते हैं और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करते हैं। मठपारा निवासी कक्षा चौथी की छात्रा प्रतिज्ञा सारथी से भी उनकी मुलाकात हुई। छात्रा की शिक्षा के प्रति लगन और उत्साह से प्रभावित होकर मंत्री श्री यादव ने उसकी आगे की पढ़ाई के लिए सहयोग प्रदान किये तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली और मेहनती बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी तथा ऐसे विद्यार्थियों को हरसंभव प्रोत्साहन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।



## अवैध शराब के साथ गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के कारोबार के मामले में जामुल व उतई पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत कार्रवाई कर पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों थाना क्षेत्रों में 4 अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर ग्राम सेलूद उतई निवासी राम स्वरूप ठाकुर, गजेन्द्र यदु, ग्राम गाड़ाडीह विजय यादव, ग्राम चुनकट्टा देवदास कोसले, ग्राम सुरडूंग जशकुमार जोशी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 129 पौवा शराब, बाइक, नगदी रकम और सामानों की कीमत 57 हजार 700 रुपए की आंकी गई है।

# आपातकाल को किया याद, निकाला मौन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




- मीसाबंदियों का किया गया सम्मान

भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग द्वारा 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की 51वीं बरसी को जिला भाजपा कार्यालय में संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों का सम्मान किया गया तथा आपातकाल के विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देते हुए मौन रैली निकाली। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और मुख्य वक्ता शिरीष अग्रवाल, मंत्री गजेंद्र यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य माया बेलचंदन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, मीसाबंदी राम पाटणकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि आज भी जब आपातकाल की चर्चा होती है तो मन में सिहरन दौड़ जाती है। उस दौर में लोकतंत्र का गला घोंटा गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता छीन ली गई और हजारों निर्दोष लोगों को जेलों में डालकर अमानवीय यातनाएं दी गईं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों का देश सदैव ऋणी रहेगा। प्रतिपक्ष के दिग्गज नेताओं सहित लाखों निर्दोष नागरिकों को महीनों तक जेल की काल कोठरियों में बंद रखकर अमानवीय यातनाएं दी गईं। परिवारों को तबाह कर दिया गया, लेकिन मां भारती के सच्चे सपूतों ने घुटने नहीं टेके। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिरीष अग्रवाल ने कहा कि आपातकाल हमारे देश के इतिहास का सबसे शर्मनाक अध्याय है। संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं का खुलेआम दुरुपयोग किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया जाना उन सभी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक वर्ष संविधान हत्या दिवस मनाकर लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को स्मरण करती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश में फिर कभी ऐसा काला अध्याय दोहराया न जाए। मीसाबंदी राम पाटणकर ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए हजारों लोगों ने जेल की यातनाएं सही, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। नई पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई जाननी चाहिए ताकि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के प्रति उनकी आस्था और मजबूत हो।

## केंद्रीय जेल में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

# जेल के कैदियों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- न्यायाधीशों ने दिए जरूरी टिप्स

केंद्रीय जेल में बंदियों के पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में हिमांशु जैन, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जिला दुर्ग द्वारा नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### लिया जिम्मेदार नागरिक बनकर जीने का लिया संकल्प

साथ ही नशे से मुक्ति के प्रभावी उपाय, परामर्श काउंसलिंग तथा आत्मविश्वास एवं इच्छाशक्ति के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बंदियों ने नशामुक्त जीवन अपनाने एवं समाज में लौटकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बंदियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## अपराध से दूरी बनाने की दी गई नसीहत



### कौशल विकास पर भी दी गई जानकारी

जेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि बंदियों के सर्वांगीण विकास एवं सफल पुनर्वास के लिए समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम, योग, ध्यान, कौशल विकास एवं परामर्श गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाता है। इस प्रयासों का उद्देश्य बंदियों में सकरात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें अपराध एवं नशे से दूर रखते हुए समाज की मुख्यधारा में पुनर्स्थापित करना है। ₹नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम₹ के आयोजन में जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर एवं अन्य जेल स्टॉफ उपस्थित रहें।

# भाजपा मंडल का सम्मेलन : महिला सशक्तीकरण से ही बनेगा सशक्त भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी अंजोरा मंडल द्वारा नवनियुक्त महिला मोर्चा कार्यकारिणी का परिचयात्मक सम्मेलन और सम्मान समारोह ग्राम नगपुरा स्थित रेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर ने अंजोरा मंडल की नवनियुक्त टीम का परिचय कराया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसकी रीढ़ हमारी मातृशक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33% आरक्षण देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना से लेकर लखपति दीदी तक, हर योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए की सम्मान राशि मिल रही है। महिला मोर्चा की जिम्मेदारी है कि एक भी पात्र बहन योजना से वंचित न रहे। अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि महिला मोर्चा के गठन से मंडल संगठन को नई ऊर्जा मिली है और आगामी सभी कार्यक्रमों में महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, जिला महामंत्री ममता राव, गिरेश साहू, हेमंत सिन्हा, यामिनी हरमुख, कुलेश्वरी देवांगन, प्रिया साहू, रामकली साहू आदि मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर एयर फोर्स में हर्षिका रही छत्तीसगढ़ में अव्वल

**अण्डा।** अंडा समीपस्थ ग्राम परसदा (डंग) निवासी हेमंत साहू की पुत्री हर्षिका साहू ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ा मुकाम हासिल करते हुए अग्निवीर एयर फोर्स भर्ती परीक्षा में छत्तीसगढ़ में पहली रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे गांव और जिले के लिए गर्व की बात है। हर्षिका साहू का चयन भारतीय वायु सेना के अग्निवीर एयर फोर्स में हुआ है और वे आगामी 30 जून को प्रशिक्षण के लिए ज्वाइन करेंगी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डीगेंद्र हिरवानी, चंद्रशेखर हरमुख, योगेश चंद्राकर, दिवाकर गायकवाड़, डॉ. पिलेश्वर साहू, नीलम चंद्राकर, खिलेश्वरी साहू, कल्पना साहू ने हर्षिका साहू को बधाई दी।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रतिभावानों का चयन

**अण्डा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा के तीन विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति सत्र 2025-26 के लिए हुआ है। शाला की प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव के मार्गदर्शन, शिक्षकों की मेहनत, पालकों के सहयोग और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम से यह सफलता संभव हो पाई। यह प्रयास पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है। इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में तुषार निर्मलकर, लोकाशी साहू और मान्यता शामिल हैं।

पेज 11 का शेष

### मारपीट कर मोबाइल ....

शंकर नगर, सिमगा तथा ज्ञानदास टंडन उर्फ पाजी (20) निवासी लिमतरा, थाना सिमगा, जिला बलौदाबाजार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि लूटे गए एक हजार रुपये में से 500 रुपये सिगरेट और कोल्ड ड्रिंक पर खर्च कर दिए, जबकि शेष 500 रुपये और पर्स विजय घृतलहरे के पास हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, सिम कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक CG 22 AG 4684 जब्त कर ली है। दोनों आरोपियों को 27 जून को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले के मुख्य आरोपी विजय घृतलहरे की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक मोहन साहू, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक ईश्वरी कुमारी डुप्ले सहित थाना नांदघाट के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिपं सीईओ को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की उठाई मांग

# जिले के पंचायत सचिवों पर कार्रवाई का हो रहा विरोध, मई से जमा राशि देने की मांग

### निराकरण नहीं होने पर 3 जुलाई को करेंगे धरना प्रदर्शन : महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद




प्रदेश पंचायत सचिव संघ जिला इकाई दुर्ग के पँचायत सचिव विभिन्न समस्याओं के निराकरण नहीं होने से आक्रोशित है प्रदेश पंचायत सचिव संघ के जिला इकाई दुर्ग ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर 7 दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण करने किए जाने मांग की है समस्या का निराकरण नहीं होने पर 3 जुलाई को जिले भर के पंचायत सचिव एक दिवसीय रैली, धरना व अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

- 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी

जिला अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू कहा है कि समस्याओं का निराकरण 7 दिवस के भीतर नही होने पर 3 जुलाई को दुर्ग जिला के समस्त पंचायत सचिव जिला मुख्यालय में एक दिवसीय रैली धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे व प्रदर्शन करेंगे

जिला सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी ने बताया गया है कि दुर्ग जिला पंचायत सचिव संघ की बैठक 25 जून को हुई इसमें दुर्ग जिला के पंचायत सचिवों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण यदि 7 दिवस के भीतर नही किया गया तो एक दिवसीय हड़ताल में जाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है।

ब्लाक अध्यक्षगण निमेष भोयर,प्रदीप चन्द्राकर, नरेश साहू ने बताया कि एन.पी.एस. की राशि व उपादान राशि, एरियर्स, चिकित्सा भत्ता राशि 7 दिवस के भीतर संबधित सचिवों के खाते में अंतरित किया जावे। दुर्ग जिला के पंचायत सचिवों के एन.पी. एस राशि वेतन से कटौती कर दिनांक 24 मई 2024 से जिला पंचायत के खाते में जमा है। उस राशि को तत्काल एन.पी.एस. खातें में जमा किया जाए एवं उस खाते में उक्त अवधि में ब्याज की राशि की गणना कर उस ब्याज की राशि को समस्त पंचायत सचिवों के खातें में तत्काल जमा किया जाए। उनका वेतन 1 तारिख को समस्त पंचायत सचिवों के खाते में अंतरित किया जावे। इसी प्रकार दुर्ग जिला के पचायत सचिवों के उपर हो रहे कार्रवाई को तत्काल बंद किया जावें व संचयी प्रभाव से रोके जा रहे वेतन वृद्धि की कार्रवाई पूर्णतः समाप्त किया जाए।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कल, तैयारी पूरी



**सेलूद।** पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रविवार, 28 जून को विकासखंड पाटन में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की दो बूंद पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन, डॉ. बी. कठौतिया ने बताया कि विकासखंड में लगभग 21,000 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 183 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य विभागीय कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों, ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, प्रवासी परिवारों एवं छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 7 मोबाइल टीमों तथा बस स्टैंड, प्रमुख मार्गों एवं अन्य आवागमन स्थलों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु 6 ट्रांजिट टीमों का गठन किया गया है।



## चंदखुरी केनाल पारा में बदहाल सड़क बनी हादसों की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग से बालोद को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर ग्राम चंदखुरी के केनाल पारा में पीएचई विभाग की लापरवाही से सड़क दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। विभाग द्वारा डामरीकरण सड़क को खोदने के बाद केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है, जिससे बारिश के दिनों में सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है।

- पीएचई विभाग की लापरवाही से जनता परेशान

लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ और गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में किसी तरह लोग संभलकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में यह जगह दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, मजदूर, किसान और अन्य वाहन चालक इसी रास्ते पर निर्भर हैं, लेकिन सड़क की यह बदहाली उनकी परेशानी का कारण बन चुकी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीएचई विभाग ने कार्य तो शुरू किया, लेकिन उसे अधूरा छोड़ दिया। सड़क की मरम्मत नहीं होने से आम जनता को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं प्रशासन भी इस समस्या को लेकर अब तक गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

ग्रामीणों और राहगीरों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए और इस लापरवाही पर जिम्मेदार विभाग के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## एनएमएमएसई में परसदा की छात्राओं का चयन, हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा की छात्राओं ने राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एनएमएमएसई) परीक्षा 2026 में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शिक्षक मोहित कुमार शर्मा ने बताया कि डामिन यादव (पिता किरन यादव) एवं त्रिवेणी ठाकुर (पिता सियाराम ठाकुर) का चयन इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। छात्राओं की इस शानदार सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शक शिक्षक सुशील कुमार साहू एवं स्टाफ की कड़ी मेहनत और अनूठी शिक्षण शैली रही है। श्री साहू ने बच्चों को नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से जोड़कर, स्वयं प्रश्न पत्र तैयार कर नियमित टेस्ट लिए। इसके साथ ही, बच्चों की शंकाओं का तुरंत समाधान करने और समय-समय पर डिजिटल सपोर्ट व अतिरिक्त कक्षाएं देकर उन्हें परीक्षा के लिए पूरी तरह तैयार किया।

### कक्षा 12वीं तक मिलेगी छात्रवृत्ति

इस योजना के तहत चयनित दोनों छात्राओं को शासकीय विद्यालय में आगे की पढ़ाई जारी रखने पर कक्षा 12वीं तक प्रति माह 1,000 रुपये (वार्षिक 12,000 रुपये) की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आगे की शिक्षा में बड़ी मदद मिलेगी।

### शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से बढ़ा बच्चों का मनोबल

डामिन यादव एवं त्रिवेणी ठाकुर की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान पाठक सत्येन्द्र यद्धु, नोडल प्राचार्य रामटेके, संकुल शैक्षिक समन्वयक कुलेश्वर प्रसाद ठाकुर,शिक्षकगण मोहित कुमार शर्मा, नरेश कुमार यादव पूर्णिमा यादव, पवन साहू, जागेश्वरी साहू, देवकी यादव, उपासना साहू, कल्याणी शुक्ला, कौशल शुक्ला ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मंगल भवन को निःशुल्क अथवा न्यूनतम किराये पर उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



- पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने निगम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 35 एवं 36 डुंडेरा के नागरिकों की सुविधा के लिए निर्मित मंगल भवन को आम लोगों के लिए निःशुल्क अथवा न्यूनतम किराये पर उपलब्ध कराने की मांग उठी है। इस संबंध में नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने नगर निगम के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जनहित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि डुंडेरा क्षेत्र के नागरिकों की सामाजिक एवं पारिवारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मंगल भवन का निर्माण कराया गया था। पूर्व में यह भवन आम नागरिकों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता था, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवार भी विवाह, छठी, दशगात्र एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आसानी से आयोजित कर पाते थे। किंतु पिछले कुछ वर्षों से भवन के ठेका पद्धति से संचालन के कारण इसका किराया बढ़कर लगभग पांच हजार रुपये प्रतिदिन हो गया है, जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए इसका उपयोग करना कठिन हो गया है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया कि डुंडेरा में यह एकमात्र सार्वजनिक मंगल भवन है, जहां विवाह समारोह, छठी कार्यक्रम, दशगात्र, सामाजिक बैठकें एवं अन्य पारिवारिक आयोजन संपन्न होते हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिक एवं निम्न आय वर्ग के परिवार निवास करते हैं, जिनके घर छोटे अथवा संकरी गलियों में स्थित हैं। ऐसे परिवारों को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मंगल भवन का मूल उद्देश्य आम नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है, न कि उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना। इसलिए निगम प्रशासन को चाहिए कि वह पूर्व की भांति भवन को निःशुल्क उपलब्ध कराए अथवा स्वयं संचालन करते हुए न्यूनतम किराया निर्धारित करे।



## जनगणना में लगे शिक्षा विभाग के कर्मियों का मानदेय व अवकाश मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधिमंडल ने जिला जनगणना अधिकारी व अपर कलेक्टर दुर्ग वीरेंद्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य में संलग्न कर्मचारियों के लंबित मानदेय भुगतान शीघ्र जारी करने व ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य करने वाले शिक्षकों को अनुपातिक अर्जित अवकाश प्रदान करने की मांग की।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष कृष्ण वर्मा ने बताया कि जिले के अनेक कर्मचारी जनगणना कार्य में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में निर्धारित अवधि में अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित कर्मचारियों को अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

फेडरेशन ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि जनगणना कार्य से जुड़े सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लंबित बिलों का शीघ्र निराकरण कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। फेडरेशन ने कहा है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ योगदान दिया है, इसलिए उनके वैधानिक देयकों का समय पर भुगतान किया जाना आवश्यक है। संगठन को विश्वास है कि जिला प्रशासन कर्मचारियों के हित में सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## आवास निर्माण में देरी करने वाले हितग्राहियों पर गिरेगी गाज, होगी रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पहली किस्त प्राप्त करने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले हितग्राहियों पर अब प्रशासन सख्त हो गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन हितग्राहियों के खातों में पहली किस्त जारी हो चुकी है और उन्होंने अब तक मकान निर्माण शुरू नहीं किया है, वे तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ करें, अन्यथा राशि की रिकवरी सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान एसडीएम ने कहा कि योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पक्का आवास उपलब्ध कराना है। शासन समय पर राशि जारी कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, इसलिए हितग्राहियों की भी जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित समय-सीमा में आवास निर्माण पूरा करें। बिना उचित कारण निर्माण में देरी को गंभीर लापरवाही माना जाएगा।

### गांव-गांव होगी समीक्षा

एसडीएम दिव्या पोटाई ने जनपद पंचायत के अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं संबंधित मैदानी अमले को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वीकृत आवासों की नियमित समीक्षा करें। प्रत्येक हितग्राही से व्यक्तिगत संपर्क कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने बिना किसी उचित कारण के निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, उनकी सूची तैयार कर राशि की रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की जाए। वहीं जिन मामलों में तकनीकी अथवा अन्य प्रशासनिक बाधाएं हैं, उनका तत्काल निराकरण कर निर्माण कार्य को गति दी जाए। एसडीएम ने हितग्राहियों से अपील की कि वे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाते हुए अपने पक्के घर का निर्माण बिना विलंब शुरू करें और समय-सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी प्रकरणों की लगातार निगरानी की जाएगी।

## टेढी स्कूलों में हुआ बाल संसद का गठन

**थान खम्हरिया।** तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम टेढी के पूर्व माध्यमिक शाला मे बाल संसद का गठन किया गया है जिसमें कृष्णा (प्रधानमंत्री),तामेश्वर(उप प्रधानमंत्री), डीगेश्वरी (शिक्षा मंत्री), हरीश साहू(उप शिक्षा मंत्री),गौरव(पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री),सुमन (उप पुस्तकालय व विउज्ञान मंत्री),अमर (जल एवं कृषि मंत्री),मिलाप (उप जल एवं कृषि मंत्री),नरेन्द्र सिह(सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री), किरण (उप सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री),योगेश्वरी (स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री) प्रहदाद(उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री) चेतन(कोषाध्यक्ष)तथा विवेक (उप कोषाध्यक्ष) का चयन किया गया है।बच्चो के लिए यह अपनी छोटी संसद होगी जो स्कूल की समस्याओं पर चर्चा करेगी इसका मुख्य मकसद करके सीखना है तथा बच्चो को लोकतांत्रिक मूल्यों को सीखने का अवसर भी मिलता है। बाल संसद से बच्चे चुनाव में वोट देते हैं, भाषण सुनते हैं, बहस करते हैं इसी से उन्हें वोट का महत्व, बहुमत, अल्पमत, सहमति-असहमति, प्रश्नकाल,शून्यकाल तथा तारांकित प्रश्नो जैसी बातें प्रैक्टिकल सीखने को मिलती हैं। इसका फायदा यह होता है कि बच्चे बड़े होकर वो जिम्मेदार नागरिक बनते हैं तथा नेता शब्द का डर भी खत्म हो जाता है।




### नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है

जब 5 वीं का बच्चा स्वास्थ्य मंत्री बनकर हैंडवॉश का महत्व समझाता है, या खेल मंत्री टूर्नामेंट कराता है, तो उसमें बोलने और काम करने का आत्मविश्वास बढ जाता है इससे शर्मीले बच्चे भी मंच पर बोलना सीख जाते हैं। स्कूल के टॉपर के अलावा दूसरे बच्चे भी अपनी पहचान बनाते हैं।बाल संसद के माध्यम से समस्याओं का समाधान बच्चों से ही कराना रहता है जिससे टॉयलेट गंदा है, लाइब्रेरी की किताबें नहीं मिलतीं, प्रार्थना में अनुशासन नहीं - ये शिकायतें बच्चे टीचर से कम, आपस में ज्यादा करते हैं। बाल संसद में सफाई मंत्री, पुस्तकालय मंत्री खुद योजना बनाकर समाधान निकालते हैं जिससे शिक्षक का बोझ कम होता है और बच्चों में अपनेपन की भावना जागृत होती है।

### जिम्मेदारी और अनुशासन सीखते को मिलता है

मंत्री बनने के बाद बच्चा सिर्फ पद का मजा नहीं लेता। उसे हर हफ्ते रिपोर्ट देनी होती है अगर अनुशासन मंत्री खुद लाइन तोड़ता है तो दूसरे बच्चे सवाल पूछते हैं। बच्चा अधिकार के साथ कर्तव्य भी समझता है नियम तोड़ने से पहले 10 बार सोचता है। संवाद और समस्या समाधान कौशल बाल संसद की बैठक में बच्चे अपनी बात रखते हैं, दूसरे की बात सुनते हैं, बहस करते हैं, वोट से फैसला लेते हैं। झगड़ा नहीं, तर्क से काम होता है। यही बच्चे आगे चलकर मीटिंग, डिबेट, इंटरव्यू से घबराते नहीं हैं यही बाल संसद का उद्देश्य भी है। समग्र शिक्षा अभियान में बाल संसद को अनिवार्य किया गया है। इसका मकसद है रटने वाली शिक्षा से हटकर, लोकतांत्रिक नागरिक बनाना है।

## एफएलएन एवं नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण संपन्न, जिले के सभी प्राथमिक शिक्षक हुए प्रशिक्षित

**बेमेतरा।** जिले के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एफएलएन (मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) तथा नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण दो चरणों में 12 से 16 जून तथा 19 से 23 जून तक पाँच-पाँच दिवस आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित बीआरजी (ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप) द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण से पूर्व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप) मास्टर ट्रेनर्स यामिनी बर्मन, गिरिजा पटेल, आशा चंदेल, जयकुमार मालाकार एवं खिलेंद्र साहू ने जिले के चारों विकासखंडों में 12-12 बीआरजी तैयार किए। इन बीआरजी ने अपने वरिष्ठ डीआरजी एवं एसआरजी के मार्गदर्शन में शिक्षकों को चार-चार जोनों में विभाजित कर प्रभावी ढंग से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया। डाइट बेमेतरा के एफएलएन प्रभारी परस राम साहू, जी.एल. खुटियारे, एसआरजी पवन कुमार देवांगन तथा डीआरजी टीम ने प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों को ऑनलाइन जोड़े रखने और प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निभाई। प्रशिक्षण के बाद बीआरजी को ऑफलाइन प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसके आधार पर उन्होंने अपने-अपने विकासखंडों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, एससीएफ-एफएस, एससीएफ-एसई तथा 'नवा जतन' की अवधारणाओं के साथ कक्षा चौथी की नवीन पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कक्षा 3 तक के पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया था, जबकि इस वर्ष कक्षा 4 की नई पुस्तकों को लागू किया गया है। डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, प्रकोष्ठ प्रभारी जी.एल. खुटियारे, जिला प्रभारी पवन कुमार देवांगन तथा व्याख्याता थलज कुमार साहू के मार्गदर्शन में 10 जून को प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की गई। जिले के चारों विकासखंडों बेमेतरा, साजा, बेरला और नवागढ़ को चार-चार जोनों में विभाजित कर प्रत्येक जोन में तीन-तीन बीआरजी के माध्यम से प्रशिक्षण संचालित किया गया। प्रशिक्षण के प्रत्येक चरण के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पोस्ट टेस्ट अनिवार्य किया गया। प्रतिदिन शाम को समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रशिक्षण की प्रगति, समस्याओं एवं अगले दिन की रणनीति पर चर्चा की जाती थी।



## विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और नियमित अध्ययन का दिया संदेश

# लक्ष्य, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी : रूपेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रेरित करने और उन्हें सफलता का मार्ग दिखाने के उद्देश्य से प्रेरणा विद्यालय, कठिया में विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं शिक्षा विशेषज्ञ रूपेश वर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के मूल मंत्र बताते हुए कहा कि सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन, निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और कठिन परिश्रम का प्रतिफल होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही

■ प्रेरणा विद्यालय कठिया में प्रेरक व्याख्यान



सकारात्मक सोच अपनाने, नियमित अध्ययन करने, लेखन क्षमता विकसित करने और प्रतिदिन अभ्यास करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है।

वर्मा ने समय का सदुपयोग करने, नियमित दिनचर्या अपनाने, अनुशासन का पालन करने तथा अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप करियर चुनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा स्वयं को योग्य और सक्षम बनाना अधिक आवश्यक है। यदि व्यक्ति अपनी क्षमता का निरंतर विकास करता है तो सफलता स्वयं उसके पास आती है। अपने संबोधन में उन्होंने लेखन कौशल, आत्मविश्वास, विनम्रता, आत्म-विकास और दृढ़ संकल्प के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को न छोड़ने और निरंतर सीखते रहने की आदत विकसित करने का आह्वान किया।

वर्मा वर्ष 2015 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। वे आईसीआईसीआई बैंक में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्य कर चुके हैं तथा वर्तमान में शिक्षा अकादमी, बेमेतरा के निदेशक के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने रूपेश वर्मा का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। विद्यार्थियों ने उनके प्रेरक विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## विद्यालयों एवं पंचायतों में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित

**बेमेतरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों एवं आमजनों को नशे के दुष्प्रभावों, उससे बचाव तथा विधिक सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल लोलेसरा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सिंघौरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोबिया तथा ग्राम पंचायत कुसमी, बहेरा, पीपरभट्ठा, अमोरा एवं साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत माटरा में आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वर्णलता ओम यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालती है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की



रोकथाम, नशा मुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही संवाद, प्रेरक संदेश और जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। 26 जून को मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी तथा अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बिजली कर्मी मौत, छाया मातम

**भिलाई।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की ठोकर से बिजली कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक आजाद चौक भिलाई तीन निवासी अरविंद यादव पिता स्व.दुलार सिंह यादव रायपुर स्थित बिजली कंपनी में कार्यरत था। गुरुवार को टाटीबंध के पास अज्ञात वाहन ने अरविंद को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक काम से घर लौट रहा था। अरविंद विवाहित था। उसके दो बच्चे है। कुछ माह पहले ही अरविंद नया मकान बनाकर नूतन चौक के पास शिफ्ट हुआ था। शाम को घर लौटते समय बाइक से भिलाई-3 लौट रहा था। तभी हादसे का शिकार हुआ।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## खंडसरा प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, बोर्ड के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**खंडसरा।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खंडसरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पवर्षा और मिष्ठान के साथ स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें और स्कूल गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य बाल कुमारी, जनपद सदस्य बीरबल वर्मा, सरपंच फूलबाई मार्कण्डेय सहित सुधराम रजक, देवेंद्र मार्कण्डेय, पूनम चौहान, अशोक जायसवाल, राजकुमार सिन्हा एवं जय जायसवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य महेश साहू ने अतिथियों को विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। इस दौरान सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थी में मीनाक्षी – 88.6%,काजल – 87.2%, ओम कुमारी 86.6%,कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थी,कुणाल वर्मा



86%,वागेश्वरी – 85.16%,मनीष – 81.16% इसके अलावा राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) के लिए चयनित छात्रा पुर्नेश्वरी, पिता पूनम चौहान को भी अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई। अतिथियों का स्वागत नीलम तिवारी, श्रद्धा चंद्राकर, कविता ध्रुव, बोधमति, अरविंद सोनी, लहर नेताम (सीएसी) सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम का संचालन के.एल. ढीमर तथा आभार प्रदर्शन इरफान खान ने किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा शहर अध्यक्ष युगल देवांगन,विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश साहू (उपाध्यक्ष) जिला भाजपा ,नीतू कोठारी (पार्षद) साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता नारद साहू (अध्यक्ष) एमसी सिंघौरी,टी डि मानिकपुरी (अध्यक्ष शाला विकास समिति),पोषण वर्मा,गजाधर साहू,सूरज साहू,कमल मानिकपुरी, मालती लहरे,छबि यादव,श्यामा यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख सरस्वती साहू द्वारा स्वागत भाषण सहित शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।इस



दौरान स्कूल की कुछ प्रमुख मांगे भी रखी गयी।इसके बाद नव प्रवेशी बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा गणवेश, पाठ्यपुस्तक,टाई, बेल्ट एंव मिठाई खिलाकर शाला में प्रवेश कराया गया। प्रधान पाठक द्वारा स्वयं के व्यय से टाई- बेल्ट वितरण किया गया। महेश साहू द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर शाला के सभी बच्चों को पेन एंव कॉपी वितरित किये गये। पिछले वर्ष वार्षिक परीक्षा में प्रथम एंव द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें कक्षा आठवी से गीतमाला वर्मा,नेविता वर्मा कक्षा5 वी से नमिता साहू,खुलेश्वरी यादव,चेतन वर्मा को स्कूल की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान शाला परिवार की ओर से सरस्वती साहू प्रधान पाठक, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, किरण खरे,पूनम साहू एंव साजन वर्मा उपस्थित रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740